सं. ए-12025/1/2018-प्रशा.।।

भारत सरकार

नीति आयोग

नीति भवन, संसद मार्ग

नई दिल्ली, 27 नवम्बर, 2018

सेवार्थ,

केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्यक्षेत्रों के सभी मंत्रालय/विभाग अथवा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अनुसंधान संस्थान अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम अथवा स्वायत्त संगठन अथवा सांविधिक संगठन।

**विषयः नीति आयोग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13 (1,23,100/ - 2,15,900/ रूपए) में संयुक्त सलाहकार अथवा स्तर-12 (78,800/ - 2,09,200/ रूपए) में उप-सलाहकार के 07 पदों पर प्रतिनियुक्ति (अल्पावधिक संविदा सहित)/ पदोन्नति आधार पर भर्ती।**

Ref. No. PU/Admn./ 3351
Date 10 / 12 / 2018

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नीति आयोग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13 **(1,23,100/ - 2,15,900/ रूपए)** में संयुक्त सलाहकार अथवा स्तर-12 **(78,800/ - 2,09,200/ रूपए)** में उप-सलाहकार के 7 पदों पर प्रतिनियुक्ति (अल्पावधिक संविदा सहित)/ पदोन्नति आधार पर भर्ती किए जाने का प्रस्ताव है। ये पद सामान्य केंद्रीय सेवा (संवर्गेतर) में नीति आयोग के समूह-क पद हैं और चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाएगा।

2. केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्यक्षेत्रों (उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों सहित) अथवा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों अथवा अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों अथवा स्वायत्त संगठनों अथवा सांविधिक संगठनों में कार्यरत पात्र अधिकारी तथा नीति आयोग में फीडर ग्रेड के अधिकारियों,यथा-उप-सलाहकार(जीसीएस) और वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (जीसीएस) के उन अधिकारियों के आवेदनों पर भी विचार किया जाएगा जिनके पास निम्नांकित शैक्षिक अर्हताएं हों और जो निम्नांकित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों:

**शैक्षिक अर्हताएं**

**अनिवार्यः** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विधा में मास्टर उपाधि अथवा एमबीबीएस अथवा अभियांत्रिकी या प्रौद्योगिकी में उपाधि अथवा भारतीय अभियांत्रिकी संस्थान (भारत) के खंड-"क" और"ख" को उत्तीर्ण किया हो अथवा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा(दो वर्षीय) हो।

**वांछनीयः** किसी भी विधा में डॉक्टरेट अथवा अभियांत्रिकी में मास्टर उपाधि।

**पात्रता शर्तें (अंतिम तारीख के अनुसार)**

(क) **प्रतिनियुक्ति के लिए**

केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्यक्षेत्रों (उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों सहित) अथवा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों अथवा अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों अथवा स्वायत संगठनों अथवा सांविधिक संगठनों में कार्यरत अधिकारी।

**संयुक्त सलाहकारःस्तर-13**

(i) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; अथवा

(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-12 (78,800-209200 रूपए) अथवा समतुल्य में पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् पाँच वर्ष का अनुभव।

**अनिवार्य अनुभव**

नीति, कार्यक्रम या परियोजनाओं के निर्माण, मूल्यांकन, निष्पादन या कार्यान्वयन, अनुसंधान, निगरानी और मूल्यांकन में न्यूनतम दस वर्ष का अनुभव (जिसमें पीएचडी के लिए तीन वर्ष की अवधि शामिल होगी किंतु इन तीन वर्षों को कार्य अनुभव में नहीं गिना जाएगा)।

**उप-सलाहकारःस्तर-12**

i) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; अथवा

(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 (67,700-208700 रूपए) अथवा समतुल्य में पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् पाँच वर्ष का अनुभव।

**अनिवार्य अनुभव**

नीति, कार्यक्रम या परियोजनाओं के निर्माण, मूल्यांकन, निष्पादन या कार्यान्वयन, अनुसंधान, निगरानी और मूल्यांकन में न्यूनतम आठ वर्ष का अनुभव (जिसमें पीएचडी के लिए तीन वर्ष की अवधि शामिल होगी किंतु इन तीन वर्षों को कार्य अनुभव में नहीं गिना जाएगा)।

**पात्रता निर्धारण हेतु निर्णायक तारीख़**

नीति आयोग में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख़ यानी रोज़गार समाचार में रिक्ति नोटिस प्रकाशित होने से 45 दिन ही पात्रता निर्धारण की निर्णायक तारीख़ अर्थात **7 जनवरी, 2019** होगी।

**आयु सीमा**

(i) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख़ को आयु 56 वर्ष से अधिक न हो।

(ii) अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख़ ही आयु सीमा निर्धारण हेतु निर्णायक तारीख़ होगी।

(ख) **संयुक्त सलाहकार और उप सलाहकार के पदों पर प्रोन्नति के लिए**

वेतन मैट्रिक्स के स्तर 12 [78800-209200 रु.] में कार्यरत नीति आयोग के ऐसे विभागीय उप सलाहकारों जिन्होंने नियमित आधार पर इस पद पर, नियुक्ति के पश्चात, उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है और जिनके पास पूर्ववर्ती अनुच्छेदों में यथा विहित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हैं और जिन्होंने नीति आयोग द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट सुसंगत विषय या क्षेत्र में 2-4 सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, पर भी बाहय व्यक्तियों के साथ-साथ विचार किया जाएगा और यदि संयुक्त सलाहकार के पद पर नियुक्ति के लिए किसी विभागीय उप सलाहकार का चयन किया जाता है तो इस पद को प्रोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा।

वेतन मैट्रिक्स के स्तर 11 [67700-208700 रु.] में कार्यरत नीति आयोग के ऐसे विभागीय वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी जिन्होंने नियमित आधार पर इस पद पर, नियुक्ति के पश्चात, उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है और जिनके पास पूर्ववर्ती अनुच्छेदों में यथाविहित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हैं और जिन्होंने नीति आयोग द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट सुसंगत विषय या क्षेत्र में 2-4 सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, पर भी बाह्य व्यक्तियों के साथ-साथ विचार किया जाएगा और यदि उप सलाहकार के पद पर नियुक्ति के लिए किसी विभागीय वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी का चयन किया जाता है तो इस पद को प्रोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा।

**नोटः** *"प्रदायक (फीडर) श्रेणी के विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति के सीधे क्रम में हैं, प्रतिनियुक्ति/(अल्पकालिक संविदा सहित) संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, जो प्रतिनियुक्ति पर हैं, वे प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। उसी संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले अन्य संवर्गेतर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि/(अल्पावधिक संविदा सहित) सामान्यतः* ***चार*** *वर्ष से अधिक नहीं होगी।"*

3. रिक्तियों का ब्यौरा और प्रपत्र नीति आयोग की वेबसाइट अर्थात् **http://www.niti.gov.in** पर "भर्ती" लिंक अर्थात् **http://niti.gov.in/career/recruitment** के तहत उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक इस वेबसाइट से परिपत्र और आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

4. केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों और राज्य सरकारों/संघ राज्य-क्षेत्र प्रशासनों से अनुरोध है कि वे अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक उपक्रमों अथवा अर्ध-सरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्त संगठनों, मान्यता-प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं आदि तथा अन्य गैर-सरकारी निकायों में कार्यरत अधिकारियों सहित अपने नियंत्रणाधीन कार्यरत उचित स्तर के अधिकारियों के बीच इस रिक्ति का व्यापक प्रचार करें।

5. उपर्युक्त पात्रता शर्तें पूरी करने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें चयन होने की सूचना दिए जाने के एक माह के भीतर नए कार्यभार के लिए छोड़ा जा सकता है, विहित प्रपत्र (उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध) जो अभ्यर्थी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित और कार्यालय प्रमुख अथवा हस्ताक्षर के लिए प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो, में उनके आवेदन (दो प्रतियों में) संबंधित अभ्यर्थी की पिछले पाँच वर्षों की अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट/एपीएआर डोजियर अथवा वार्षिक गोपनीय/वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों की फोटोप्रतियों के साथ अग्रेषित किए जाएं जो भारत सरकार के कम से कम अवर सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हों।

6. इन रिक्तियों को 'रोजगार समाचार' में भी दिनांक 24/11/2018 को प्रकाशित किया गया था। नीति आयोग में आवेदनों की प्राप्ति के लिए अंतिम तारीख, रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन अर्थात 7 जनवरी, 2019 होगी।

7. आवेदक द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि विहित प्रपत्र में, हर तरह से **पूर्ण आवेदन (दो प्रतियों में) दिनांक 7 जनवरी, 2019 तक** या इससे पूर्व में अवर सचिव (प्रशासन ।ए और ।।), नीति आयोग, कमरा सं. 416, नीति भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली के पास पहुंच जाना चाहिए। केवल उचित

माध्यम से और हर तरह से पूर्ण ऐसे आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा जो दिनांक 7 जनवरी, 2019 तक या इससे पूर्व प्राप्त हो गए हों। आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर "नीति आयोग में संयुक्त सलाहकार अथवा उप-सलाहकार पद हेतु आवेदन" स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। **नीति आयोग उचित माध्यम से न भेजे गए अथवा अपेक्षित प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों के बिना भेजे गए तथा अंतिम तारीख़ के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं करेगा।**

भवदीय,

(दिनेश कोछड़)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 2309 6521
2309 6773

प्रति सूचनार्थ अग्रेषितः-

1. नीति आयोग के उपाध्यक्ष के निजी सचिव/राज्य मंत्री के निजी सचिव/सभी सदस्य/सीईओ कार्यालय/अपर सचिव/ सलाहकार/संयुक्त सचिव।
2. वर्टिकलों के सभी प्रमुख/सलाहकार (प्रशासन), नीति आयोग।
3. नीति आयोग के उप-सलाहकार (जीसीएस) और वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (जीसीएस)

(दिनेश कोछड़)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 2309 6521
2309 6773

**No. A-12025/1/2018-Admn.II**
GOVERNMENT OF INDIA
NITI AAYOG

NITI Bhavan, Sansad Marg,
New Delhi, the 27th November, 2018

To

All Ministries/Departments of Central Government or State Governments or Union territories or recognised Universities or Research Institutions or Public Sector Undertakings or Autonomous Organisations or Statutory Organisations

**Subject: - Recruitment to 07 posts of Joint Adviser / Deputy Adviser in Level – 13 in the Pay Matrix (Rs.123100-215900) or Level – 12 in Pay Matrix (Rs. 78800- Rs.209200) in NITI Aayog on Deputation (including short-term contract)/Promotion basis.**

Sir,

I am directed to say that the NITI Aayog proposes to make recruitment to 07 posts of Joint Adviser / Deputy Adviser in Level – 13 in the Pay Matrix **(Rs.1,23,100-2,15,900) or** Level – 12 **(Rs. 78,800- Rs.2,09,200)** on Deputation (including short-term contract)/ Promotion basis. These posts are Group 'A' posts belonging to General Central Service (Ex-Cadre) of NITI Aayog and selection will be made by the UPSC.

2. The Officers working in the Central Government or State Governments or Union Territories (including their attached and subordinate offices) or recognized Universities or Research Institutions or Public Sector Undertakings or Autonomous Organizations or Statutory Organisations and also the officers holding the feeder grade posts viz Deputy Adviser (GCS) and Senior Research Officers (GCS) in the NITI Aayog, who meets the following educational qualifications and eligibility conditions would be considered simultaneously:

**Educational Qualifications**

**Essential:** Masters' Degree in any discipline or MBBS or Degree in Engineering or Technology from a recognised University or Passed in Sections 'A' and 'B' of the Institution Examinations of the Institute of Engineers (India) or Post Graduate Diploma in Management (Two years)

**Desirable:** Doctorate in any discipline or Master's Degree in Engineering

**ELIGIBILITY CONDITIONS (As On Closing Date)**

(a) **FOR DEPUTATION**

Officers working in the Central Government or State Governments or Union Territories (including their attached and subordinate offices) or recognized Universities or Research Institutions or Public Sector Undertakings or Autonomous Organizations or Statutory Organisations:

**Joint Adviser: Level 13**

(i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or department; or
(ii) with five years' service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in posts in level-12 [Rs.78800-209200] in the pay matrix or equivalent in the parent cadre or department.

**Essential experience**

Minimum ten years' experience (which shall include upto three years for Ph.D provided no work experience is counted during those three years) in formulation, appraisal, execution or implementation, research, monitoring and evaluation of policy, programme or projects.

**Deputy Adviser: Level 12**

(i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or department; or

(ii) with five years' service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in posts in level-11 [Rs.67700-208700] in the pay matrix or equivalent in the parent cadre or department.

**Essential experience**

Minimum eight years' experience (which shall include upto three years for Ph.D provided no work experience is counted during those three years) in formulation, appraisal, execution or implementation, research, monitoring and evaluation of policy, programme or projects.

**CRUCIAL DATE FOR DETERMINING ELIGIBILITY**:

The crucial date for determining the eligibility shall be **7th January, 2019 i.e. the last date of receipt of application in NITI Aayog** which is 45 days from the date of publication of vacancy notice in the Employment News

**AGE LIMIT**

(i) For appointment by deputation (including short-term contract) age shall not be exceeding 56 years as on the closing date for receipt of applications.

(ii) The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications.

(b) **<u>FOR PROMOTION to the posts of Joint Adviser and Deputy Adviser</u>**

**Joint Adviser**

The Departmental Deputy Adviser of the NITI Aayog in level-12 [Rs.78800-209200] in the pay matrix with five years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis and possessing the educational qualifications and experience as prescribed in the preceding Paras and having successfully completed 2-4 weeks of training in relevant fields or area as specified by NITI Aayog will also be considered along with outsiders and if a Departmental Deputy Adviser is selected for appointment to the post of Joint Adviser, it will be treated as having been filled by promotion.

**Deputy Adviser**

The Departmental Senior Research Officer of the NITI Aayog in level-11 [Rs.67700-208700] in the pay matrix with five years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis and possessing the educational qualifications and experience as prescribed in the preceding Paras and having successfully completed 2-4 weeks of training in relevant fields or area as specified by NITI Aayog will also be considered along with outsiders and if a Departmental Senior Research Officer is selected for appointment to the post of Deputy Adviser, it will be treated as having been filled by promotion.

**NOTE:** *"The departmental officers in the feeder category who are in the direct line of the promotion will not be eligible for consideration for appointment on deputation /(ISTC) contract. Similarly, deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. The period of deputation / (ISTC) including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same organization /department shall not ordinarily exceed **four** years".*

3. Details of the vacancies and proforma are available on NITI Aayog's website i.e. **http://www.niti.gov.in** under the link "Recruitment" i.e. **http://niti.gov.in/career/recruitment**. Interested applicants may download the circular as well as application proforma from the website.

4. All Ministries/Departments of Central Govt. and State Governments/ UT Administrations are requested to give wide publicity to this vacancy among the officers of appropriate level under their control including those working in Public Undertakings or Semi-Government or Statutory or Autonomous Organisations, Recognised Research Institutions etc. under their administrative control and other Non-Govt. Bodies

5. The applications (in duplicate) in respect of the candidates who fulfill the eligibility conditions and can be spared for taking up the assignment within one month of the intimation of selection, may be forwarded in the prescribed proforma (available on aforesaid website) duly signed by the candidate and countersigned by the Head of Office or any other officer authorized to sign alongwith the Up-to-date Confidential Report/ APAR Dossier of the candidate concerned or photocopies of the Annual Confidential / Annual Performance Appraisal Reports of the candidate for the last five years duly attested by the office not below the rank of Under Secretary to the Govt. of India.

6. The vacancies were also published in the 'Employment News' on 24th November, 2018. **The closing date for receipt of applications in NITI Aayog shall be 45 days from the date of publication of the advertisement in the Employment News i.e. 7th January, 2019.**

7. Applicant should ensure that the application (in duplicate) complete in all respects and in the prescribed proforma, should reach Under Secretary (Adm.IA&II), NITI Aayog, Room No.416, NITI Bhavan, Sansad Marg, New Delhi-110 001 **on or before 7th January, 2019**. Only complete applications received through proper channel on or **before 7th January, 2019** will be considered. The applications should be sent in an envelope superscribed 'Application for the post of Joint Adviser or Deputy Adviser in the NITI Aayog'. **NITI Aayog shall not take any cognizance on the applications not received through proper channel or those received without the requisite certificates and necessary documents or received after the closing date.**

Yours faithfully,

(Dinesh Kochher)
Under Secretary to the Government of India
Tel.2309 6521
23-9 6773

Copy forwarded for information: -

1. PS to VC / PS to MoS/All Members/CEO Office/ Additional Secretaries/Advisers/Joint Secretary, NITI Aayog.
2. All Heads of Verticals / Adviser (Administration), NITI Aayog
3. Deputy Advisers (GCS) & Senior Research Officers (GCS) of NITI Aayog.

(Dinesh Kochher)
Under Secretary to the Government of India
Tel.2309 6521
23-9 6773